श्री राजीव शुक्ल: मान्यवर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं, जैसा कि श्री नाना जी ने संदेह व्यक्त किया कि अगर खाड़ी में कुछ होता है, जो इराक पर होगा, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इराक से हम कुछ तेल आयात कर रहे हैं, अगर कर रहे हैं तो कितना आयात कर रहे हैं, इनकी कुछ यात्रा भी इराक की हुई थी और क्या वहां से आगे कुछ तेल आयात करने का इरादा है?

श्री राम नाईक: सभापति महोदय, इराक से तेल या और अन्य व्यापार की दृष्टि से मैं गए साल वहां गया था और वहां उनके राष्ट्रपति के साथ मेरी चर्चा, कुछ मुलाकातें हुई थीं। इराक पर यू.एन.ओ. के कुछ सैक्शंस है और उन सैक्शंस के तहत फूड फार आयल का जो एक एग्रीमेंट बना है, उसके ज़रिए हम जरुर तेल लाने की कोशिश करते हैं, कभी थोड़ा मिलता है। लेकिन जब तक वे सैक्शंस हैं, तब तक ज्यादा तेल वहां से आने की संभावना नहीं है लेकिन हम जरुर कुछ करना चाहते हैं और वहां जाकर हम तेल की खोज और अन्वेषण करें, इसके लिए हमने एक ब्लॉक भी लिया है। जैसे ही वे सैक्शंस समाप्त होंगी, हम इस दिशा में अधिक काम कर पाएंगे।

श्री दत्ता मेघे: सभापति महोदय, मंत्री जी ने अपने उत्तर में कहा है कि भंडारण के लिए योजना का ब्यौरा बना है लेकिन उसे अंतिम स्वरुप नहीं दिया गया है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि कब तक आप इसे अंतिम स्वरुप देंगे? आपने ब्यौरा तो बना लिया है लेकिन एक साल में या छह महीने में, कब तक आप इसे अंतिम स्वरुप देंगे?

श्री राम नाईक: सभापति महोदय, जैसा मैने पहले कहा है इस प्रकार का काम करने के लिए रक्षा मंत्रालय है, शिपिंग मिनिस्ट्री है, रेलवेज़ है और दुनिया के बाकी देशों में वे किस प्रकार से यह काम कर रहे हैं, इसका हम अध्ययन कर रहे हैं और जैसे ही वह अध्ययन पूरा होगा, हम इसके बारे में योजना बनाएंगे और आपको बता देंगे।

*107. [7fte *Questioner (Shri Harendra Singh Malik) was absent. For answer vide page* 24.]

*108. *[The Questioner (Shri Munawar Hasan) was absent. For answer vide page* 25.]

Tourist package from Vtjayawada to Shirdi

*109. SHRI RUMANDLA RAMACHANDRAIAH: Will tne Minister of TOURISM AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether Government propose to assist the State Government of Andhra Pradesh to develop new tour packages from Vijayawada to Shirdi to attract more tourists; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OFTOURISM AND CULTURE (SHRIJAGMOHAN): (a) and (b) A Statement is laid on the Table of the Sabha.

Statement

(a) and (b) There Is no such scheme In the Department of Tourism to develop tour packages. However, packages are promoted/sold by the tour operatorsAravel agents depending upon its demand by domestic and international tourists. Therefore there is no proposal to assist Andhra Pradesh for development/promotion of new packages from Vijayawada to Shirdi to attract tourists.

श्री रुमान्डला रामचन्द्रय्याः सभापति महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि सारे भारत में टूरिस्ट सेंटरों की उन्नति के लिए विभिन्न राज्यों में वे क्या कार्यक्रम चला रहे हैं?

श्री जगमोहनः सभापति महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि हमने एक तो नयी टूरिज्म पालिसी बनाई है जिसे हम हाऊस में रख चुके हैं। इसके 14 बेसिक प्रिंसिपल्स हैं लेकिन उनकी डिटेल्स में न जाते हुए मैं आपको एक बेसिक प्वाइंट बताना चाहता हूं कि हमने जो न्यू इनिशियेटिव लिया है, उसमें हम हब्स फॉर टूरिज्म एंड कल्चर बना रहे हैं और इन हब्स में हम 3 ऐलिमेंट्स सिंथेसाईज कर रहे हैं-Element of culture, element of tourism and clean civic life. उसका एक मॉडल हमने अजंता में पेश किया है। हमने उसकी एक वीडियो फिल्म भी बनाई है। जो भी मेंबरान उसे देखना चाहें, मैं उन्हें दिखाने के लिए तैयार हूं। उस किस्म का कम से कम एक हब हम हर स्टेट में और हर यूनियन टैरिटरी में बना रहे हैं। उनका नकशा मेरे पास मौजूद है, मैं माननीय सदस्य को वह दे दूंगा, उसमें हर स्टेट और हर यूनियन टैरिटरी शामिल है और इसको हम बहुत बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। इसके लिए तमिलनाड़ में हमने महाबलीपुरम को लिया है, कर्नाटक में हम्पी को लिया है।

श्री सभापतिः एक इनको भी दे दीजिए।

श्री रुमान्डला रामचन्द्रय्याः सभापति महोदय, मुझे देना है, देश को देना है।

श्री सभापतिः आपके माध्यम से देश को ही दिया जाएगा।

श्री रुमान्डला रामचन्द्रय्याः ध्यवाद। मेरा दूसरा सप्लीमेंटरी यह है कि आंध्र प्रदेश में किन-किन पर्यटन स्थलों को आपने चुना है और उनकी उन्नति के लिए आप क्या कर रहे हैं ? विजयवाड़ा से शिरडी के लिए हमने पैकेज पूछा तो आपने कहा कि हम कुछ नहीं देंगे। सभापति

महोदय, आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि कम से कम उन सेंटरों की उन्नति के लिए आप क्या करने वाले हैं ?

श्री जगमोहनः सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने विजयवाड़ा से शिरडी तक के टूर पैकेज के बारे में पूछा है। मैं यह बताना चाहता हूं कि टूर पैकेज गवर्नमेंट नहीं देती है, टूर पैकेज तो टूरिस्ट ऑपरेटर्स देते हैं, यह उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन इस ऐरिया में आप जो भी सुविधाएं चाहते हैं और जो भी स्टेट गवर्नमेंट रिकमेंड करती है, उसके हिसाब से हम वे सुविधाएं वहां देते हैं और हमने नवें प्लान में आंध्र प्रदेश को 11 करोड़ रुपए से ज्यादा की असिस्टेंस दी है औऱ एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट हमने आंध्र प्रदेश में शुरु किया है जो होटल मैनेजमेंट औऱ इंटिग्रेटेड इको डेवलपमेंट का प्रोजेक्ट है, जिसमें पब्लिक, प्राइवेट औऱ स्टेट गवर्नमेंट शामिल है। यह पूरा प्रोजेक्ट 20 करोड़ रुपए का होगा जिसमें हमने अपना कंट्रीब्यूशन देना है, स्टेट गवर्नमेंट ने देना है और उसमें एक प्राइवेट सैक्टर की भी पार्टी बनेगी। उसमें हमने स्टेट को 2.20 करोड़ रुपए का कमिटमेंट देकर सैक्शन कर दिया है और उनको बता दिया है कि अपना प्रपोजल हमारे पास भेजें, हम उन्हें पैसा उपलब्ध करा देंगे। मैं खुद उस प्रोजेक्ट को देखकर आया हूं और उसको हम पूरा कर रहे हैं। इस स्टेट में औऱ भी बहुत से प्रोजेक्ट्स हैं, मैं उनकी लिस्ट आपको भेज दूंगा।

Appointment of consultants in lA and Al

*110. SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY:†

DR. T. SUBBARAMl REDDY:

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether in a major revamp exercise, Government have decided to appoint consultants to prepare a 15 year business plan for both lA and Al to improve their performance;

(b) if so, whether any final decision in this regard has been taken;

(c) if so, the details thereof;

(d) by when the consultants will be preparing the business plan; and

(e) by when it is likely to be implemented?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI SVED SI IAHi>4AWAZ HUSSAIN): (a) to (e) Air India and Indian Airlines have jointly decided to appoint a consultant to formulate a long term business plan for the two airlines. The consultant will also study the possible synergy in the operations

†The Question was actuaify asked on the floor of the House by Shri Ravula Chandra Sekar Reddy.